किसान Tak

**Fake fertiliser: यूपी के शाहजहांपुर में नकली खाद की फैक्ट्री पर छापा, बड़ी मात्रा में फर्जी यूरिया और DAP के अलावा कच्चा माल भी जब्त**



उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में प्रशासन ने एक नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा है. छापेमारी में अधिकारियों ने इस फैक्ट्री से नकली उर्वरक, इसका कच्चा माल और ब्रांडेड पैकेजिंग का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है. इसको लेकर जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर शर्मा ने बताया कि शनिवार शाम को रोजा थाना क्षेत्र के लोधीपुर के पास एक गोदाम पर छापेमारी की गई. अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान, हमने भारी मात्रा में नकली यूरिया और जिंक जब्त किया है.

नकली खाद के सैंकड़ों बोरे जब्त

नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्री पर रेड के बाद  जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि हमें यहां से 639 बैग नकली डीएपी उर्वरक, 453 बैग जैविक खाद और पैकेजिंग सामग्री भी मिली है. शर्मा ने कहा कि नकली खाद किसानों की उपज और मिट्टी की उर्वरता के लिए खतरा है. उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और नकली उर्वरक बेचने में शामिल दुकानों और डीलरों की पहचान करने के लिए जांच जारी है.

Source: https://www.kisantak.in/khad-beej/story/fake-fertiliser-factory-busted-in-uttar-pradesh-shahjahanpur-fake-urea-and-zinc-seized-swm-1266344-2025-08-24